तापमान
अधिकतम 32 डिग्री
न्यूनतम 21 डिग्री

हरिभूमि
# धमतरी भूमि
रायपुर, बुधवार 23 अक्टूबर 2024

कुरुद | सिर्री | जीजामगांव | नगरी | मगरलोड

11 कांग्रेस के भ्रष्टाचार और अराजकता के सामने कुरुद ...



12 दो चोर तीन मोटरसाइकिल के साथ गिरफ्तार



## खबर संक्षेप

### पंचायत भृत्य संघ ने कलेक्टर दर पर वेतन मांगा

**सांकरा।** ग्राम पंचायत भृत्य संघ की बैठक नगरी ब्लाक की बैठक 20 अक्टूबर रविवार को दोपहर 1 बजे मां शीतला मंदिर परिसर सिहावा में हुई। संघ ने कलेक्टर दर पर वेतन दिलाने प्रस्ताव पारित कर शासन-प्रशासन को आवेदन पत्र प्रेषित करने का निर्णय लिया गया। बैठक में प्रांताध्यक्ष सोमनाथ तारक, मीडिया प्रभारी परमानंद देवदास, जिला अध्यक्ष भुनेश्वर साहू, ब्लाक अध्यक्ष रूपेश पटेल, सचिव देवचरण नेताम, कोषाध्यक्ष घनाराम गौर समेत ब्लाक के समस्त ग्राम पंचायत भृत्य उपस्थित थे।

### स्वर्गधाम सेवा समिति ने भूमिहीन परिवार की मदद की

**पुरी।** ग्राम छाती में मानव कल्याण सर्वधाम सेवा समिति कई वर्षों से संचालित है। समिति द्वारा गांव के भूमिहीन व्यक्ति के घर में किसी का निधन हो जाने पर उसके परिवार को आर्थिक सहायता राशि 7250 रूपये 58 व्यक्तियों द्वारा दी जाती है। आकाश साहू की मां श्रीमती दसोदा साहू के देहवासन पर आर्थिक सहायता राशि दी गई। मौके पर देवलाल साहू, कुलदीप यदू, विक्रम चंद्राकर, घनश्याम कश्यप, बिशेलाल चंद्राकर, योगेंद्र वर्मा, लीलेश्वर साहू, प्रीतम साहू समेत समिति से जुड़े लोग मौजूद थे। यह जानकारी स्वर्गधाम सेवा समिति के अध्यक्ष नरेंद्र साहू ने दी है।

### मृतकों के परिजनों को आर्थिक सहायता स्वीकृत

**धमतरी।** अनुविभागीय अधिकारी राजस्व कुरूद द्वारा सड़क दुर्घटना में मृतकों के परिजनों को सामाजिक सुरक्षा और कल्याण मद से 25-25 हजार रूपये की आर्थिक सहायता स्वीकृत की गई है। इनमें भखारा तहसील के ग्राम कचना निवासी प्रेमकुमार यादव की मृत्यु होने पर उनके पिता भारत यादव को सामाजिक सुरक्षा और कल्याण मद से 25 हजार रूपये आर्थिक सहायता स्वीकृत की गई है। ग्राम कचना के विजय यादव की मृत्यु होने पर उनकी पत्नी श्रीमती थामेश यादव, ग्राम फागुनदाह के पीयश साहू की मृत्यु होने पर उनके पिता चन्द्रशेखर साहू को सामाजिक सुरक्षा और कल्याण मद से 25-25 हजार रूपये आर्थिक सहायता स्वीकृत की गई है। ग्राम अमलीडीह के हरखराम की मृत्यु होने पर उनकी पत्नी श्रीमती प्रेमिनबाई और ग्राम देवपुर के टकेश्वर साहू की मृत्यु होने पर उनकी पत्नी श्रीमती अनुराधा को सामाजिक सुरक्षा और कल्याण के तहत 25-25 हजार रूपये की आर्थिक सहायता स्वीकृत की गई है।

# कोहरे के साथ शरद ऋतु ने दी दस्तक, सूर्योदय का नजारा रहा खूबसूरत

हरिभूमि न्यूज ⏭ धमतरी

मंगलवार को शहर के आउटर में शरद ऋतु की दस्तक का नजारा बेहद खास रहा। सूर्योदय से पहले हल्की ठंड के साथ आसमान पर छाये कोहरे का खूबसूरत दृष्य देखते ही बन रहा था। इधर ठंड का मौसम आते ही मार्निंग वाक करने वाले बच्चे, युवा, महिला, बुजुर्गों की संख्या बढ़ने लगी है।

पंचवटी कालोनी रत्नाबांधा निवासी रामधन बंसोड़, ललिता ध्रुव ने बताया कि मंगलवार की सुबह नींद खुली तो हल्की ठंड का अहसास हुआ। वे तो बारहों माह मार्निंग वाक करते हैं लेकिन सेहत के लिए उन्हें ठंड के महीने का इंतजार था। घर से कालेज मैदान की ओर जाने पर मौसम सुहाना हो गया था। आसमान कोहरे से ढंक गया था। 100 मीटर दूर की चीजें नजर नहीं आ रही थीं। आठ माह बाद ऐसा नजारा पहली बार देखने को मिला। मार्निंग वाक करने निकले हटकेशर निवासी इतवारीराम देवांगन, राधेकिशन पटेल बताते हैं कि बरसते ओस में पैदल चलने का आनंद कुछ और है। ठंड ऋतु की यह पहली धुंध देखने को मिली है। उनकी शिकायत है कि रत्नाबांधा रोड में भारी वाहनों के चलने से रोड में धूल का गुबार बना रहता है। यह रास्ता कई जगह खराब है जिसमें गिट्टी डस्ट डालने से वायु प्रदूषण बढ़ गया है। यही हाल शहर के अन्य मुख्य रास्तों का भी है जिससे स्वास्थ्य को खतरा है।

### सेहत बनाने मार्निंग वाक पर निकलने लगे लोग






#### मार्निंग वाक करने वालों की बड़ी संख्या

बारिश के दिनों में सुबह चलने वालों की संख्या सीमित हो गई थी। अब शहर के मुख्य रास्ता सहित कॉलोनियों में मार्निंग वाक करने वालों की संख्या बढ़ने लगी है। बच्चे भी ग्रुप में चहलकदमी करते दिख रहे हैं। युवा भी दौड़ की प्रेक्टिस करने लगे हैं। महिला बुजुर्ग भी सूर्योदय से पहले चलते फिरते नजर आ रही है।

## खनिज विभाग की केंद्रीय टीम पहुंची, जिला स्तर की भी अलर्ट

# ताबड़तोड़ कार्रवाई से कई रेत खदान बंद

हरिभूमि न्यूज ⏭ धमतरी

माइनिंग की केंद्रीय टीम के आने पर ताबड़तोड़ कार्रवाई की गई। सलोनी, नारी क्षेत्र में दर्जन भर से अधिक गाड़ियां पकड़ी गईं। जिला स्तरीय टीम भी लगातार खदानों में दबिश दे रही है, जिससे रेत माफियाओं में दहशत है। कई खदानें फिलहाल बंद कर दी गई हैं। वहीं गाड़ियों की संख्या भी कम हो गई है।

रेत उत्खनन पर लगा प्रतिबंध हटते ही माइनिंग विभाग की टीम अलर्ट मोड पर आ गई है। हाल ही में रेत से भरे वाहनों से लगातार दुर्घटनाएं हुईं। जिससे लोगों में रेत के अवैध कारोबार के खिलाफ आक्रोश है। उधर दुर्घटनाओं को देखते हुए माइनिंग विभाग पर प्रेशर बढ़ गया है। माइनिंग विभाग लगातार रेत का अवैध उत्खनन रोकने के लिए कार्रवाई कर रहा है। इस दौरान सोमवार को केंद्रीय टीम का आगमन हुआ। इससे कार्रवाई और तेज हो गई। खनिज विभाग की टीम ने सलोनी में ही तीन हाइवा पर कार्रवाई की। केंद्रीय टीम के आने की खबर से रेत कारोबारियों में हड़कंप मच गया। अधिकांश लोगों ने तो काम ही बंद कर दिया था।कार्रवाई के बाद केंद्रीय टीम गरियाबंद की ओर निकल गई। इसके बाद भी जिला स्तरीय टीम लगातार कार्रवाई कर रही है। मंगलवार को नहर नाका चौक के पास माइनिंग की टीम के रहने की खबर मिली थी लेकिन इस दिन कार्रवाई नहीं की गई।



#### हर रोज पकड़े जा रहे वाहन

कार्रवाई को लेकर खनिज विभाग पर दबाव है, जिसके चलते रोजाना अवैध परिवहन कर रहे वाहनों के खिलाफ कार्रवाई की जा रही है। सलोनी क्षेत्र में ही रविवार को 11 हाइवा पर कार्रवाई की गई। नारी में भी कई गाड़ियों के खिलाफ चालानी कार्रवाई की गई। इससे पहले बेलरगांव में 11 ट्रैक्टरों को पकड़ा गया था। शहर से लगे अछोटा रेत खदान में भी 5 ट्रैक्टरों पर कार्रवाई की गई थी। इसके बाद भी यहां पर अवैध उत्खनन नहीं रूक रहा था तो खनिज विभाग ने गाड़ियों के आने-जाने के रास्ते को ही जेसीबी से खुदवा दिया।

#### 15 खदानों की स्वीकृति प्रक्रिया में

रेत की डिमांड पूरे जिले में है लेकिन अधिकांश खदानों को स्वीकृति ही नहीं मिली है। जिले में मात्र 5 रेत खदान ही स्वीकृत हैं, जहां से पूरे जिले को रेत सप्लाई संभव नहीं है। इसके अतिरिक्त धमतरी की खदान से रायपुर, दुर्ग, राजनांदगांव, महाराष्ट्र तक रेत की सप्लाई होती है। रेत की डिमांड ज्यादा और खदान कम होने से रेत कारोबारी अवैध रूप से रेत खदानों से उत्खनन कर रहे हैं। स्थिति को देखते हुए 15 और नई रेत खदानों की स्वीकृति की प्रक्रिया चल रही है। जल्द ही इन खदानों को स्वीकृति मिलने की उम्मीद है।

#### कार्रवाई लगातार होगी

अवैध खदानों को लेकर लगातार कार्रवाई की जा रही है। केंद्रीय टीम भी आई थी, वह चली गई है। इसके बाद भी खनिज विभाग की जिला स्तरीय टीम लगातार कार्रवाई कर रही है। यह कार्रवाई लगातार जारी रहेगी।

- योगेंद्र सिंह, *खनिज अधिकारी*

# सुगम एप के खिलाफ स्टाम्प वेंडरों ने खोला मोर्चा



- अनिश्चितकालीन हड़ताल से रजिस्ट्री कार्य हो रहे प्रभावित

हरिभूमि न्यूज ⏭ धमतरी

पंजीयन कार्यालय से जुड़े दस्तावेज लेखक, स्टाम्प वेंडरों ने सुगम एप के खिलाफ मोर्चा खोलते हुए अनिश्चितकालीन आंदोलन शुरू कर दिया है। रोजगार पर संकट बताते हुए 21 अक्टूबर से गांधी मैदान में आंदोलन पर हैं। उनके आंदोलन पर चले जाने से रजिस्ट्री कार्य प्रभावित हो रहा है।

संघ के संजय लच्छवानी, संजय कोसले, मनहरण साहू, घनश्याम, नरेश साहू, विजयंत जाधव, नरेन्द्र जाधव, हीरा साहू ने बताया कि सरकार ने उनकी मांगों पर ध्यान नहीं दिया। उनकी मांगें वेतनमान, आजीविका, सुरक्षा, विभाग समायोजन से जुड़ी हुई हैं। इसके लिए कई बार ज्ञापन दिया गया। सरकार द्वारा लॉन्च किये गए सुगम एप को लेकर तीन दिवसीय हड़ताल भी की गई थी जिसका अब तक समाधान नहीं हुआ है। 21 अक्टूबर से अनिश्चितकालीन हड़ताल पर हैं। उनका कहना है कि नई तकनीकी योजनाएं सुगम एप उनके लिए संकट पैदा कर रहा है। रोजी रोटी पर असर पड़ रहा है। इस योजना को तत्काल रोकें।

# दाना चक्रवात ने बढ़ाई किसानों की चिंता

- मौसम के करवट लेने के साथ तूफानी बारिश की संभावना

हरिभूमि न्यूज ⏭ धमतरी

बंगाल की खाड़ी में उठे दाना चक्रवात ने अंचल में किसानों की चिंता बढ़ा दी है। तूफानी हवाओं के साथ बारिश के आसार बनने लगे हैं। माना जा रहा है कि 24 अक्टूबर के बाद मौसम करवट लेगा।

दीपावली के उत्सव में बारिश खलल डाल सकती है। मौसम विज्ञान विभाग से प्राप्त जानकारी के अनुसार मध्य पूर्व बंगाल की खाड़ी में एक अवदाब का क्षेत्र बना हुआ है। यह पश्चिम उत्तर पश्चिम की ओर बढ़ने और 23 अक्टूबर को तूफान में बदल जाएगा। 24 अक्टूबर की सुबह तक उत्तर पश्चिम बंगाल की खाड़ी के ऊपर एक प्रचंड चक्रवाती तूफान का रूप ले लेगा। 24 अक्टूबर की रात और 25 अक्टूबर की सुबह पुरी और सागर दीप के मध्य क्षेत्र को पार कर सकता है। इस दौरान तूफान की रफ्तार 100 से 120 किमी प्रतिघंटा हो सकती है। मौसम विभाग ने बुधवार को मौसम के शुष्क रहने तथा गुरुवार को प्रदेश के एक दो स्थानों पर हल्की से मध्यम वर्षा होने की संभावना जताई है।

#### किसान चिंतित, दीपावली का रंग हो सकता है फीका

मौसम सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार 25 अक्टूबर से छत्तीसगढ़ में मौसम करवट ले लेगा। ज्यादा प्रभाव दक्षिण छत्तीसगढ़ में देखने को मिलेगा। चक्रवाती तूफान के कारण मौसम तीन से चार दिनों तक खराब रह सकता है। तूफानी चक्रवात की खबर के बाद अंचल के किसान चिंतित हैं। किसान सुदर्शन ठाकुर, शांतिलाल देवांगन ने बताया कि खेतों में फसल लहलहा रही है। कटाई शुरु हो गई है। तूफान और बारिश ज्यादा हुई तो किसान को काफी नुकसान उठाना पड़ सकता है। उनका कहना है कि दीपावली के समय बारिश होने से त्योहार फीका पड़ सकता है।


# सुगम यातायात के लिए 6 स्थानों पर बनाए गए पार्किंग स्थल

हरिभूमि न्यूज ⏭ धमतरी

- दीपावली त्योहार को देखते हुए पुलिस प्रशासन ने की व्यवस्था

आगामी दीपावली त्योहार को देखते हुए शहर के मुख्य मार्ग पर 6 स्थानों पर पार्किंग स्थल बनाया गया है।

दीपावली त्योहार के पूर्व से ही बाजार में लोगों की भीड़ बढ़ जाती है जिसके कारण सदर मार्ग में अक्सर जाम की स्थिति बन जाती है। इसे देखते हुए पुलिस प्रशासन द्वारा दिवाली त्योहार में खरीदारी करने बाजार आने-जाने वाले लोगों के लिए सुगम यातायात व्यवस्था बनाने शहर के 6 स्थानों पर दो पहिया व चारपहिया वाहनों के लिए पार्किंग स्थल बनाया गया है। रायपुर व दुर्ग मार्ग की ओर से आने वाले लोग अपने वाहन मकई चौक में पार्क करेंगे। वहीं अंबेडकर चौक, सोरम, भटगांव से आने वाले ग्राहक अपने वाहन गौरवपथ, आमातालाब होकर गांधी मैदान में खड़ा करेंगे। इसी तरह बांसपारा, मराठापारा, रामबाग के ग्राहकों के लिए नूतन स्कूल परिसर में पार्किंग स्थल बनाया गया है। रूद्री, गंगरेल, मरादेव, लक्ष्मी निवास, कर्मा चौक की तरफ से आने वाले ग्राहक अपने वाहनों को एकलव्य खेल मैदान में खड़ा करेंगे। वहीं नहर नाका की तरफ से आने वाले ग्राहकों के वाहनों के लिए गौशाला मैदान को पार्किंग स्थल के रूप में चिन्हांकित किया गया है। इसी तरह सराय मार्केट व शहर के भीतर से आने वाले दोपहिया वाहन चालकों के लिए गुरूद्वारा गली में पार्किंग बनाई गई है। त्योहारी सीजन में बाधारहित सुगम यातायात व्यवस्था बनाने 24 अक्टूबर से 3 नवम्बर तक सुबह 10 बजे से रात्रि 9 बजे तक घड़ी चौक से विंध्यवासिनी मंदिर तक चार पहिया वाहनों के आवागमन पर प्रतिबंध लगाया गया है। यातायात पुलिस ने लोगों से दीपावली त्योहार में सुगम व बाधारित यातायात व्यवस्था बनाने पुलिस का सहयोग करने की अपील की है।




# सड़क तक सामान नहीं फैलाने की दी समझाइश





- पुलिस व निगम टीम यातायात व्यवस्था बनाने सड़क पर उतरी

हरिभूमि न्यूज ⏭ धमतरी

त्योहारी सीजन को देखते हुए निगम टीम ने घड़ी चौक से लेकर गोलबाजार तक व्यापारियों के सड़क तक फैले सामान को व्यवस्थित कराया एवं यातायात व्यवस्था बहाल करवाई। टीम ने व्यापारियों को फिर से सामान नहीं फैलाने की समझाइश दी। टीम के साथ पुलिस के जवान भी मौजूद थे। टीम में निगम उपायुक्त पीसी सार्वा, एसआई खेमराज साहू, एसआई चंद्रशेखर देवांगन, एएसआई सुरेश नेताम, प्रधान आरक्षक, संदीप यादव, स्वास्थ्य अधिकारी शेरखान, सुनील सालुंके, गोविंद पात्रे, बंशीदीप, निकेतन यादव, दीपक, गोपाल, संकेत गुप्ता, शकील अहमद मौजूद थे।

विदित हो कि 23 अक्टूबर से धनतेरस के साथ दीपावली का त्योहार प्रारंभ हो रहा है। त्योहार के कारण शहर में ग्राहकों की भीड़ बढ़ रही है। सड़क तक सामान फैलने के कारण यातायात व्यवस्था खराब हो रही है। इसे देखते हुए निगम व पुलिस की संयुक्त टीम ने घड़ी चौक से लेकर गोलबाजार तक अभियान चलाकर सड़क तक फैले सामान को दुकानों के अंदर रखने कहा। अस्थायी रूप से सड़क किनारे बैठे व्यवसायियों को अतिरिक्त सामान न फैलाने की समझाइश दी।

## पलारी सेंटर से वृद्ध मरीज को तत्काल जिला अस्पताल लाना था

# मरीज को अस्पताल पहुंचाने में एंबुलेंस को हुई देर, थम गई वृद्ध की सांसें

हरिभूमि न्यूज ⏭ धमतरी

पलारी स्वास्थ्य केंद्र से रिफर वृद्ध मरीज को तत्काल जिला अस्पताल पहुंचाने में एंबुलेंस को देर होने की वजह से वृद्ध की अस्पताल पहुंचने से पहले ही मौत हो गई।

शासन द्वारा लोगों को आपातकालीन स्थिति में उपचार के लिए अस्पताल तक पहुंचाने निःशुल्क एंबुलेंस सेवा संजीवनी 108 का संचालन किया जा रहा है। इमरजेंसी होने पर टोलफ्री नंबर पर सूचना देने पर संजीवनी 108 बताए गए लोकेशन पर पहुंच मरीज व घायल को तत्काल उपचार के लिए नजदीक के शासकीय स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाती है। उक्त सेंटर से रिफर किए जाने पर मरीज को शासकीय हायर सेंटर तक पहुंचाती है लेकिन पीएचसी पलारी से रिफर वृद्ध मरीज को जिला अस्पताल पहुंचने में हुई देर के चलते अस्पताल पहुंचने से पहले वृद्ध की मौत हो गई। वृद्ध की मौत होने पर परिजनों की अस्पताल में संजीवनीकर्मियों से जमकर बहस हुई।

मामला सोमवार का है। मृतक के परिजन महेश्वरसिंह ध्रुव व अन्य ने बताया कि सनौद थाना क्षेत्र के ग्राम हसदा निवासी खम्हन मंडावी पिता लतेलराम उम्र 60 वर्ष ने सोमवार की सुबह घर में चक्कर आने की शिकायत की। परिजनों ने वृद्ध को अस्पताल ले जाने संजीवनी 108 को सूचना दी। पलारी लोकेशन की संजीवनी 108 हसदा पहुंची। वृद्ध एंबुलेंस में सवार हुआ। एंबुलेंस वृद्ध को लेकर पलारी स्वास्थ्य केंद्र पहुंची। यहां डाक्टर ने चेकअप के बाद वृद्ध को उपचार के लिए जिला अस्पताल रिफर कर दिया। वृद्ध को एंबुलेंस में बिठाने के बाद पायलट एक अन्य केस को लाने के लिए ग्राम देवकोट चला गया। वहां से गर्भवती महिला को एंबुलेंस में बिठाया गया। तत्पश्चात दोनों मरीज को लेकर एंबुलेंस वापस पलारी होते हुए जिला अस्पताल धमतरी पहुंची, लेकिन अस्पताल पहुंचने तक एंबुलेंस में सवार वृद्ध मरीज की सांसें थम गई थी। गर्भवती महिला को अस्पताल में शिफ्ट किया गया। वहीं वृद्ध को डाक्टर ने चेकअप के बाद मृत घोषित कर दिया। वृद्ध की मौत को देख एंबुलेंस में ही परिजनों को गुस्सा फट पड़ा। संजीवनी 108 के पायलट व ईएमटी पर देर करने का आरोप लगाते हुए अस्पताल परिसर में शोरगुल किया।



#### कार्डियेक अरेस्ट से मौत : डा. मधुप

आपात डयूटी पर तैनात डा. मधुप ने बताया कि वृद्ध की मौत हार्ट अटैक से हुई है। परिजनों के बताए अनुसार मृतक बीपी का मरीज था। वह बीपी की दवाई ले रहा था। उसने कुछ दिनों से दवाई लेना बंद कर दिया था जिसके कारण वह कार्डियेक अरेस्ट की चपेट में आ गया।

पाठक सूचना

धमतरी जिले में हरिभूमि समाचार पत्र के स्थान पर कोई अन्य अखबार मिल रहा हो। एवं समाचार पत्र की प्रतियां, विज्ञापन एवं खबरों के लिए संपर्क करें

मो. 9826114710, 9993322768
9098324969

## खबर संक्षेप

### समाजसेवियों ने की आर्थिक मदद

**सांकरा।** 18 अक्टूबर को ओडिशा वाडादाहरा से वापस आ रहा सांकरा निवासी सत्यजीत तारक पिता नरेन्द्र उम्र 28 वर्ष सड़क दुर्घटना में घायल हो गया था। उसके सीने एवं सिर पर काफी चोट आई थी। उसका उपचार धमतरी के एक निजी अस्पताल में चल रहा था। इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। वह गरीब परिवार से था। नगर के समाजसेवियों सन्नी छाजेड़, अनिल वाधवानी, खेमराज साहू ने उनके परिजनों की आर्थिक मदद की।



मृतक सत्यजीत

### शिक्षक संघर्ष मोर्चा की बैठक आयोजित

**चारामा।** छत्तीसगढ़ शिक्षक संघर्ष मोर्चा इकाई चारामा द्वारा शिक्षकों की बैठक आयोजित किया किया। बैठक में पुरानी सेवा गणना सहित अन्य मांगों को लेकर चर्चा की गई और साथ ही 24 अक्टूबर को जिला मुख्यालय में धरना-प्रदर्शन कर मुख्यमंत्री, शिक्षा मंत्री, शिक्षा सचिव सहित संबंधित मंत्री व अधिकारियों के नाम कलेक्टर को ज्ञापन सौंपने चर्चा किया किया। मोर्चा के पदाधिकारियों ने शिक्षकों के वेतन विसंगति, क्रमोन्नति, पदोन्नति, प्रथम नियुक्ति तिथि से पुरानी पेंशन, 20 वर्ष की सेवा में पूर्ण पेंशन की मांग पूरी होगी, लंबित महंगाई भत्ता व देय तिथि से महंगाई भत्ता की एरियर्स राशि की मांग पर चर्चा की गई।

### शहीद पुलिसकर्मियों को दी गई श्रद्धांजलि

**सरोना।** शासकीय बालक उच्चतर माध्यमिक विद्यालय सरोना में पुलिस स्मृति दिवस पर शहीद पुलिसकर्मियों को श्रद्धांजलि दी गई। शहीद आरक्षक विशाली राम विधानसभा चुनाव ड्यूटी के दौरान नक्सली हमले का शिकार हुए और शहीद आरक्षक हेमंत कुमार पोया, जिन्होंने बुरकापाल में पुलिस-नक्सली मुठभेड़ में वीरता का परिचय दिया। कार्यक्रम में रासेयो के कार्यक्रम अधिकारी भूपेंद्र कुमार सिन्हा, वरिष्ठ व्याख्याता केएल कोर्राम, एसपी नेताम, गरिमा, अंबिका, देवेश व अन्य छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।

## निधन

### कौशिल्या देवी सार्वा

**नगरी।** ग्राम छिपली निवासी कौशिल्या देवी सार्वा का निधन 22 अक्टूबर मंगलवार को हो गया। वह अरविंद सार्वा, डा. महेंद्र सार्वा, धर्मेन्द्र सार्वा की मां थीं। उनके अन्तिम संस्कार में परिजनों के साथ क्षेत्र के सामाजिकजन भी शामिल हुए।



**गुप्त व यौन रोग कमजोरी**
स्त्री पुरूष गुप्त रोग नपुंसकता, उत्तेजना कम होना, हस्तमैथुन द्वारा नसों में कमजोरी, शीघ्रपतन, स्वप्नदोष, गुप्त अंग का छोटापन, शुक्राणु की कमी, पेशाब में धातु जाना, पेशाब में जलन होना, शुगर से आई हुई सेक्स में कमी व विशेष इलाज चर्म रोग, वात रोग, बवासीर संपर्क करें।
**संजीवनी आयुर्वेदिक दवाखाना**
अंबेडकर चौक, अंगारमोती मेडिकल ई-स्टोर के पास, बस्तर रोड, जोधापुर, धमतरी मो. 9174466336

प्रशासनिक लचर व्यवस्था से राहगीर हो रहे परेशान

# एक माह बाद भी वैकल्पिक मार्ग शुरू नहीं



हरिभूमि न्यूज ▶▶ मगरलोड

विकासखंड मुख्यालय मगरलोड से कुरूद को जोड़ने वाले एक मात्र मेघा महानदी पुल में दरार एवं पिल्लर टूटकर चकनाचूर हो गया है। 21 सितंबर से आवागमन पूर्णत बंद कर दिया गया है। वैकल्पिक मार्ग निर्माण के लिए सेतु निगम मंडल द्वारा स्टीमेट तैयार कर शासन प्रशासन को सौंप दिया गया है। आवागमन एक माह से बंद है। किन्तु प्रशासनिक लचर व्यवस्था के कारण आज तक वैकल्पिक मार्ग निर्माण की प्रक्रिया शुरू नहीं हुई है।

मेघा महानदी पुल से आवागमन बंद होने की जानकारी जिला प्रशासन को है। इसके बाद भी अधिकारी कुंभकरणीय नींद में सोए हैं। मेघा, मगरलोड क्षेत्रवासियों को आवागमन की असुविधा से आर्थिक नुकसान हो रहा है। व्यापारी, स्कूली बच्चे, मरीज, किसान, कर्मचारी सहित आम नागरिक परेशान हैं। वैकल्पिक मार्ग निर्माण विषय पर कलेक्टर व राजस्व अनुविभागीय अधिकारी, तहसीलदार स्पष्ट जवाब देने में असमर्थ हैं।



### अस्थाई मार्ग एनीकेट बना जानलेवा

मेघा महानदी पुल से आवागमन बंद होने से राहगीरों को एनीकट से अस्थाई आवागमन करने की मजबूरी है। लगभग एक किलोमीटर लंबा, संकरा, बिना सुरक्षा का एनीकट मार्ग जानलेवा बना हुआ है। मुख्य मार्ग से एनीकट पहुंच मार्ग में बोल्डर, पत्थर है। उक्त मार्ग में चलने वाले राहगीर पत्थर से टकराकर गिरकर चोटिल हो रहे हैं। पहुंच मार्ग में डाली गई मुरूम धूल बनकर उड़ गई है।

### प्रभारी मंत्री का आदेश बेअसर

17 अक्टूबर को राजस्व एवं जिले के प्रभारी मंत्री टंकराम वर्मा को मगरलोड विकासखंड के ग्राम करेली छोटी आगमन पर मेघा पुल में आवागमन बंद की स्थिति से अवगत कराया गया था। वैकल्पिक मार्ग बनाने की मांग पर राजस्व मंत्री ने बाढ़ आपदा मद से वैकल्पिक मार्ग बनाने एक करोड़ की घोषणा कर कलेक्टर को आदेश दिया किंतु मंत्री का आदेश बेअसर साबित हो रहा है।

# फुटपाथ पर लग रहे व्यावसायिक प्रतिष्ठान

हरिभूमि न्यूज ▶▶ मगरलोड

- संकरी सड़क पर चलना हुआ मुश्किल, लोग हो रहे दुर्घटना के शिकार

नगर पंचायत मगरलोड भैंसमुंडी में सड़क का चौड़ीकरण किया गया है। सड़क चौड़ीकरण कार्य में आये व्यावसायिक दुकानदार को मुआवजा राशि प्रदान की गई। मुआवजा राशि लेने वाले व्यवसायियों द्वारा फिर से मकान निर्माण कर सड़क एवं फुटपाथ में टिन शेड लगाकर व्यवसाय किया जा रहा है। कुछ लोगों ने अपने प्रतिष्ठान के सामने फुटपाथ में अतिक्रमण कर पक्का मकान लिया है। सड़क पर ठेला व व्यावसायिक बोर्ड लगाकर व्यवसाय किया जा रहा है। इससे सड़क संकरी हो गई है जिससे सड़कों पर चलना मुश्किल हो गया है।

मगरलोड की सड़कों एवं फुटपाथ में टिना शेड लगाकर व्यवसाय करने के कारण ग्राहक अपना वाहन सड़कों पर खड़ा कर देते हैं जिसके कारण आये दिन लोग चोटिल हो रहे हैं। नगर पंचायत व्यवसायियों को सड़क और फुटपाथ से व्यवसायिक ठेला, टिना शेड व व्यावसायिक बोर्ड तीन दिवस के भीतर हटाने व नहीं हटाने पर कड़ी करवाई करने की नोटिस देकर मौन हो गई। नगर पंचायत द्वारा कार्रवाई नहीं होने पर अतिक्रमणकारियों के हौसले बुलंद हो रहे हैं। अभी सामने दीपावली का पर्व है। सड़कों पर लोगों की भीड़ रहेगी। यदि सड़क एवं फुटपाथ से व्यावसायिक ठेला, व्यवसायिक बोर्ड नहीं हटाया गया तो त्योहारी सीजन में दुर्घटना होने की प्रबल संभावना है। इस संबंध में सीएमओ अशोक चौहान ने कहा कि त्योहार को देखते हुए अतिशीघ्र फुटपाथ से व्यावसायिक ठेला व व्यवसायिक बोर्ड हटाया जाएगा।



# छग टीचर्स एसोसिएशन ने शिक्षक नाग को दी विदाई

- 26 वर्ष की शिक्षकीय सेवा पूर्ण कर 31 अगस्त को हुए सेवानिवृत

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नगरी

छग टीचर्स एसोसिएशन के प्रथम जिलाध्यक्ष गोपालचंद नाग शिक्षक एलबी 26 वर्ष की सफल शिक्षकीय सेवा पूर्ण कर 31 अगस्त को सेवानिवृत हुए। छग टीचर्स एसोसियएशन नगरी ने ससम्मान विदाई समारोह आयोजित कर उनके संगठन के प्रति समर्पण और जज्बा से सदस्यों को सीख लेने का आव्हान किया। श्री नाग ने सदैव शिक्षकों को ईमानदारी से कर्तव्य निर्वहन के साथ साथ अधिकारों के लिए सजग किया। वर्ष 1994 से प्राथमिक शाला साल्हेभाट से अपनी शिक्षकीय पारी की शुरुआत कर अगस्त 2024 में माध्यमिक शाला टेंगना में पारी को विराम देते हुए शासकीय सेवा से सम्मानपूर्वक विदाई हुई है। प्रथम जिलाध्यक्ष के विदाई पर कई साथी उनके साथ किए गए कार्यों को लेकर भावुक हो गए। सभी शिक्षकों ने श्री नाग के स्वस्थ एवं दीर्घायु जीवन की कामना करते हुए ससम्मान विदाई दी।

मौके पर ब्लॉक अध्यक्ष शैलेन्द्र कौशल, सचिव टीकमचंद सिन्हा, कोषाध्यक्ष तोमल साहू, जिला उपाध्यक्ष तीरथ अटल, प्रांतीय मीडिया प्रभारी कैलाश सोन ,संगठन मंत्री शांतनु साहू, सिद्धेश्वर साहू, प्रफुल्ल सिहसार, खिलेश्वर साहू, महेश कोसरे, चंद्रहास साहू, डीकेश सोन, मुकेश सोन,विजय साहू, दिनेश ताम्रकार, ओमप्रकाश देव, पवन साहू, सतरूपा नाग, जयश्री कश्यप,सुषमा आदिल, चित्ररेखा महोबे, सुधा निषाद, पवन देवांगन, गैंदलाल नेताम, राजकुमार शील, मानसिंह साहू समेत सैकड़ों सदस्य उपस्थित थे।

### गोजी की महिलाओं ने रखा करवाचौथ का व्रत



**सिर्री।** ग्राम गोजी की महिलाओं ने अपने पति की लंबी आयु की कामना को लेकर रविवार को करवा चौथ का व्रत रखा। केशर साहू, अमृत साहू, अन्नपूर्णा साहू, ओमबाई तारक, टोमिन साहू, चमेली तारक, टेमिन साहू, सोनिया साहू समेत गांव की अन्य महिलाओं ने करवा चौथ का व्रत रखा।

# रामपुर स्कूल में वीरगाथा पर हुई विभिन्न स्पर्धा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बगदेही(धमतरी)

छग शासन स्कूल शिक्षा विभाग समग्र शिक्षा विभाग धमतरी द्वारा सभी स्कूलों में वीरगाथा 4 कार्यक्रम चलाया जा रहा है जिसमें स्कूली बच्चों को स्वतन्त्रता सेनानियों के संघर्ष, लड़ाई एवं बलिदान के बारे में जानकारी दी जा रही है। शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय रामपुर में वीरगाथा 4 अंतर्गत बच्चों के लिए ड्राइंग, पेंटिंग, निबंध, पोयम प्रतियोगता आयोजित की गई। जिसमें कक्षा नवमी की टेमिन और दुर्गेश्वरी ने रानी लक्ष्मीबाई एवं सरदार भगत सिंह की जीवनी पर निबंध लिया। कक्षा 11वीं के सोनी टंडन, सुमित द्वारा महात्मा गांधी और सरदार भगत सिंह की सुंदर चित्र बनाया गया। इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि संस्था प्रमुख प्राचार्य आरके बघेल थे। स्कूल के चारों हाऊस के बच्चों ने प्रतियोगिता में बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया।



मौके पर आरके टंडन, केके वर्मा, एचके साहू, बीके निषाद, जेके साहू, डीके साहू, डीके साहू, जीके साहू, एस.अग्रवाल, पी.शर्मा, एस.साहू, जे.ध्रुव, एल.सोन, एम.ठाकुर समेत सभी छात्र- छात्राएं उपस्थित थे।

# अवकाश पर बच्चों की पढ़ाई जारी रखने के तरीके सीखेंगे पालक

- 26 अक्टूबर को होगी पालकों की बैठक, बनेगी योजना

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नगरी

शिक्षक एवं पालकों की शिकायत रहती है कि बच्चे स्कूल में तो पढ़ते हैं लेकिन घर में अवकाश पर नहीं पढ़ते। अब यह शिकायत पुरानी दिनों की बात बनने वाली है। स्वामी आत्मानन्द उत्कृष्ट विद्यालय के प्राचार्य डॉ व्हीपी चन्द्रा के नेतृत्व में विद्यालय के सभी शिक्षकों ने एकजुटता के साथ इस शिकायत का स्थायी हल निकालने का प्रयास किया है। विद्यालय ने अपनी योजना को क्रियान्वित करने से पूर्व शाला प्रबंधन एवं विकास समिति के सदस्यों के समक्ष रखा जिसे समिति के सदस्यों ने खुले मन से स्वीकार किया है। शाला प्रबंधन एवं विकास समिति के अध्यक्ष धनंजय साहू, सदस्य राधेलाल सिन्हा, अयूब खान, डॉ हेमंत साहू, सफीना बानो, विष्णु निर्मलकर, सरपंच फणीश गंगा सागर ने इस योजना की सराहना की है। पालकों को योजना की जानकारी देने हेतु दीपावली अवकाश के पूर्व 26 अक्टूबर को पालकों की मीटिंग बुलाई गई है। विद्यालय द्वारा बनाई गई योजना में बच्चों को पढ़ाई के लिए प्रातः उठाने से लेकर गृह कार्य कराने तथा आनलाइन कक्षा संचालन एवं मूल्यांकन को भी शामिल किया है। घर पर बच्चे अध्यापन कर रहे हैं कि नहीं इसकी मॉनिटरिंग के लिए हर गांव के कुछ जागरूक पालक एवं हमर संस्कृतिः हमर धरोहर मंच से जुड़े हुए नवयुवकों को जिम्मेदारी देने की चर्चा है। विद्यालय में गुणवत्ता प्रकोष्ठ का गठन कर कल्याण कौशल व्याख्याता को संयोजक बनाकर रामभुवन मारकोले, प्रेमलाल साहू,वेदराम सिन्हा तथा आरके साहू को उप्रकोष्ठ की जिम्मेदारी दी गई है। यह समिति पूरे वर्ष भर विद्यालय एवं बच्चों के घरों में की जाने वाली गतिविधियों पर सुझाव देते हुए गतिविधियों की समीक्षा भी करेगी। बच्चों को भी ऑनलाइन मूल्यांकन तकनीक पर प्रशिक्षण देने की योजना बनाई गई है।

## अंचल की खबरें

### सिहावा विस में भाजपा का सदस्यता अभियान तेज



**नगरी।** सिहावा विधानसभा क्षेत्र के नगरी मंडल अन्तर्गत गोपी कश्यप और रूपेन्द्र कुमार साहू द्वारा सक्रिय सदस्य बनाया जा रहा है। 21 अक्टूबर को भाजपा नगरी मंडल के अन्तर्गत सभी सक्रिय सदस्यों को रसीद काटकर दिया गया। मौके पर गोपी कश्यप सक्रिय सदस्य, रूपेन्द्र साहू सदस्यता अभियान सहसंयोजक, गिरिजाशंकर नाग, रवेन्द्र साहू, रैनलाल देव, अशवत कुंजाम, राजा पवार, नरेंद्र नाग, रोशन ग्वाल, हरिनारायण ध्रुव, खिलेश लहरे, रेणुका ध्रुव, विनय साहू समेत अन्य मौजूद रहे।

### प्राथमिक शाला चटौद को प्रोजेक्टर सेट दिया



**जीजामगांव।** शासकीय नवीन प्राथमिक शाला रेलवे स्टेशन चटौद में मानव अधिकार परिषद संभाग रायपुर द्वारा संजीव सार्वा संयुक्त सचिव के माध्यम से बच्चों की शैक्षणिक गतिविधियों के लिए प्रोजेक्टर सेट प्रदान किया गया। इस अवसर पर सरपंच प्रतिनिधि लीकेश साहू, नोडल प्राचार्य हेमू मरकाम, संकुल समन्वयक रमेश चंद्राकर, प्रधानपाठक श्रीमती लेखनी साहू, यशोदा गिलहरे, सीमा कोसरे, हेमंत साहू मौजूद थे।

### नगरी से 26 दर्शनार्थी अयोध्या रवाना



**नगरी।** रामलला दर्शन योजना अंतर्गत जनपद पंचायत नगरी से 26 दर्शनार्थी अयोध्या रवाना हुए। भाजपा जिलाध्यक्ष प्रकाश बैस ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया।

### फाइनल में खैरा ने दोनर को दी शिकस्त

**मगरलोड।** ग्राम लड़ेर में नव युवा कबड्डी दल एवं ग्रामवासियों के सहयोग से एक दिवसीय डे नाइट कबड्डी प्रतियोगिता रखी गई। प्रतियोगिता में दूर-दराज की टीमों ने हिस्सा लिया। फाइनल मुकाबला खैरा व दोनर टीम के मध्य हुआ। इसमें बेहतरीन प्रदर्शन करते हुए खैरा टीम ने बाजी मारी। अतिथियों ने प्रथम स्थान प्राप्त खैरा टीम को नकद राशि 8001 रुपए व ट्रॉफी, मेडल से सम्मानित किया। द्वितीय स्थान दोनर टीम को नकद राशि 5001 रुपए, तृतीय स्थान अछोटा टीम को 3001 रुपए एवं चतुर्थ स्थान भरारी टीम को नकद राशि 2001 रुपए ट्रॉफी मेडल से सम्मानित किया गया। यह जानकारी मोतीराम निषाद ने दी है।



- लड़ेर में कबड्डी प्रतियोगिता का समापन

### बच्चों को दी मानसिक स्वास्थ्य की जानकारी

**धमतरी।** शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय बारना में मानसिक स्वास्थ्य कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में छात्र-छात्राओं ने हिस्सा लिया। इन्हें मानसिक स्वास्थ्य की पहचान और निवारण संबंधित जानकारी दी गई। कार्यक्रम की अतिथि सेजेस कंडेल हिंदी माध्यम की व्याख्याता सुश्री हेमलता सोनी थीं। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य मानसिक स्वास्थ्य को बढ़ावा देना, मानसिक बीमारियों को रोकना, मानसिक रोगों से उबरने में सहायता प्रदान करना, विकलांगता और सामाजिक अलगाव की रोकथाम करना और मानसिक बीमारियों से पीड़ित लोगों की सामाजिक और आर्थिक स्थिति सुनिश्चित करनी है। बताया कि हर साल 10 अक्टूबर को विश्व मानसिक स्वास्थ्य दिवस मनाया जाता है।



जपं कुरुद में हुई शिक्षा स्थायी समिति की बैठक

# राष्ट्रीय परिवार सहायता से चार लाख स्वीकृत

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कुरूद

जनपद पंचायत कुरूद में जानसिंग यादव उपाध्यक्ष एवं सभापति शिक्षा स्थायी समिति की अध्यक्षता में बैठक रखकर कई महत्वपूर्ण फैसले लिए गए। बैठक में 1186 आवेदनों पर विचार विमर्श कर राष्ट्रीय परिवार सहायता राशि 4 लाख स्वीकृत की गई। बैठक में योजना के तहत गरीब रेखा वर्ष 2002-2003 सर्वे सूची में पात्र 20 परिवार का नाम चयन कर कुल राशि 4 लाख रुपये स्वीकृत में प्रत्येक परिवार को 20-20 हजार रुपये की आर्थिक सहायता के लिए स्वीकृत किया गया।



बैठक में इंदिरा गांधी राष्ट्रीय वृद्धा पेंशन में 24 पात्र व्यक्ति का नाम चयन कर अनुमोदित किया गया। इंदिरा गांधी राष्ट्रीय विधवा पेंशन योजना में 3 पात्र व्यक्ति का नाम का चयन कर अनुमोदित किया गया। इंदिरा गांधी राष्ट्रीय विकलांग पेंशन में 19 व्यक्ति को पात्र किया गया। मुख्यमंत्री परित्यकता पेंशन में 11 आवेदन का अनुमोदन किया गया। मुख्यमंत्री विधवा पेंशन योजना में 107 पात्र व्यक्ति का नाम चयन कर अनुमोदन किया गया। मुख्यमंत्री वृद्धा पेंशन योजना में 1000 पात्र व्यक्ति के नाम का चयन कर अनुमोदन किया गया। सामाजिक सुरक्षा पेंशन में 2 पात्र आवेदन का अनुमोदन किया गया। इस प्रकार सभी आवेदनों का परिक्षण कर पात्र व्यक्तियों का नाम चयन कर पेंशन प्रकरण को स्वीकृत प्रदान किया गया। स्वीकृत पेंशनधारियों को अब प्रति माह 500 रूपये मिलने लगेगा। बैठक में जनपद सभापति श्रीमती चन्द्रलता विरेंद्र कोसले, जनपद सदस्य संतोष साहू, धनेश्वरी पुष्कर यादव, देवकुमारी गिरवर साहू, शिक्षा स्थायी समिति सचिव चन्द्रकुमार साहू प्रभारी विकासखंड शिक्षाधिकारी कुरूद, पंचायत इंस्पेक्टर डीएस मरकाम, करारोपण अधिकारी फलेन्द्र कंवर, सहायक ग्रेड 3 रामकुमार सोनी उपस्थित थे।

**Pride of Dhamtari**
**गितिका ऑटो डील**
आटो पार्टस एवं सर्विसिंग सेंटर
बाजार चौक मेन रोड सिरसिदा
हमारे यहां सभी प्रकार के चारपहिया एवं दोपहिया गाड़ियों की खरीदी-बिक्री, रिपेयरिंग, सर्विसिंग एवं नाम ट्रांसफर का काम किया जाता है
प्रो.टोमन साहू 97530-65484, 62682-66559
त्यौहारी ऑफर
नवरात्रि से दीपावली पर्व तक दोपहिया वाहन में एक वर्ष का इंश्योरेंस फ्री एवं चारपहिया वाहन खरीदी पर चांदी का सिक्का फ्री
विज्ञापन के लिए संपर्क करें :- हरिभूमि
धमतरी - 98261-14710, 75873-71999, कुरुद - 98268-82770, नगरी -75818-01429
मगरलोड - 97526-17538, सिर्री - 99261-66875, जीजामगांव - 95754-57523, अंवरी-97535-23273
राजधानी मार्ग, मसीही चिकित्सालय के सामने, धमतरी फोन : 07722-357201




## अंचल की खबरें

### खरेंगा में शहीद मनीष की स्मृति में बनेगा बलिदान स्मारक



**धमतरी।** ग्राम खरेंगा के शहीद मनीष नेताम की द्वितीय पुण्यतिथि से पहले उनकी स्मृति को अमर करने के लिए शहीद स्मारक भूमि का भूमिपूजन किया गया। श्रद्धांजलि समारोह में भूतपूर्व सैनिक रामचंद्र देवांगन शामिल हुए। ज्ञात हो कि मनीष नेताम ने भारतीय सेना की मराठा रेजिमेंट में अपनी सेवाएं देते हुए लेह-लद्दाख की दुर्गम सीमा पर माइनस 20 डिग्री तापमान में भी अदम्य साहस और वीरता का परिचय दिया। 28 दिसंबर 2022 को मां भारती की रक्षा करते हुए उन्होंने अपना बलिदान दिया। भूमिपूजन कार्यक्रम में बलिदानी मनीष नेताम के पिता राजेंद्र नेताम, माता श्रीमती शकुंतला नेताम, सरपंच और भूतपूर्व सैनिक दिलीप कुमार साहू, भगवती प्रसाद साहू, दयाराम साहू समेत कई ग्रामीणों ने अपनी सहभागिता दी। इस अवसर पर रामचंद्र देवांगन ने कहा कि मनीष नेताम का बलिदान केवल एक व्यक्तिगत संघर्ष नहीं था, बल्कि यह हमारी मातृभूमि के प्रति उनकी अपार निष्ठा और समर्पण का प्रतीक था।

### बोरसी सोसाइटी में फसल चक्र परिवर्तन पर दिया जोर



- सम्मेलन में किसानों को दलहन-तिलहन फसल लेने की दी समझाइश

**मगरलोड।** भूजल स्तर लगातार नीचे गिरने से भविष्य की चिंता कर शासन -प्रशासन द्वारा ग्रीष्मकालीन फसल में धान की जगह दलहन, तिलहन फसल पर किसानों को जागरूक किया जा रहा है। इसी कड़ी में बोरसी सोसाइटी में कृषक सम्मेलन किया गया। सम्मेलन में फसल चक्र परिवर्तन पर जोर देते हुए कृषि अधिकारियों ने किसानों को दलहन -तिलहन फसल लेने की समझाइश दी। कार्यक्रम में किसानों ने गेहूं, चना, रागी, सरसों बीज की मांग की। कृषि विभाग एवं समिति प्रबंधक ने कृषकों को फसल चक्र परिवर्तन कर लाभ लेने प्रोत्साहित किया। इस अवसर पर सहकारिता विभाग से सीईओ वीएस नेताम, जिला सहकारी केंद्रीय बैंक शाखा प्रबंधक सीबी साहू, ग्रामीण कृषि विकास अधिकारी स्वप्लिन बंजारे, ग्रामीण कृषि अधिकारी श्रवण साहू, बोरसी समिति प्रबंधक नेमचंद निषाद, चमन साहू, दिनेश निषाद, उत्तम सिन्हा, योगेश्वर सिन्हा पूर्व समिति अध्यक्ष, नोहर साहू, अजीत साहू, हुकुम सिन्हा, घनश्याम निषाद, नंदकुमार उपसरपंच सहित दर्जनों किसान उपस्थित थे।

### क्रिकेट में कन्या स्कूल की 4 छात्राओं का चयन



**धमतरी।** अंडर-19 बालिका वर्ग राज्यस्तरीय शालेय क्रीड़ा प्रतियोगिता 21 से 24 अक्टूबर तक कोरबा में होगी। इसमें शिवसिंह वर्मा आदर्श शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय धमतरी की चंचल साहू पिता घनश्याम साहू, तनीषा ध्रुव पिता संतोष ध्रुव, बबीता पिता टिकेश्वर सोनवानी, वर्षा पिता चंद्रप्रकाश सिन्हा का चयन रायपुर जोन की टीम में राज्य स्तरीय प्रतियोगिता के लिए हुआ है। खिलाड़ियों के चयन पर जनभागीदारी समिति की अध्यक्ष श्रीमती संगीता जगताप, वार्ड पार्षद राजेश ठाकुर, डीईओ टीआर जगदल्ले, प्रभारी डीएसओ थॉमस पॉल, वरिष्ठ व्याख्याता एनके गजेंद्र, एलके उपाध्यक्ष, एसएल साहू,केएल साहू, एपी साहू, संजय चंद्राकर, उमाशंकर सिंह, योगेंद्र देवांगन, उमाशंकर सिन्हा, सीएस तुरंग, शिवकुमार साहू, डीके देवांगन,राजेन्द्र साहू, हेमन्त डेकाटे, विष्णु गिलहरे व शाला परिवार ने हर्ष जताया है।

### नूतन स्कूल में देवी अहिल्याबाई होल्कर को किया याद



**धमतरी।** नूतन इंग्लिश हायर सेकेंडरी स्कूल में देवी अहिल्याबाई होल्कर महिला समन्वय समिति द्वारा 21 अक्टूबर को उनकी 300वीं जन्म शताब्दी पर संगोष्ठी का आयोजन किया गया। अतिथि आदर्श शिक्षण समिति के अध्यक्ष निर्मल बरड़िया, श्रीमती सुषमा नंदा, विभाग संयोजिका श्रीमती सरोज देवांगन,जिला संयोजिका श्रीमती गोदावरी साहू, जिला सहसंयोजिका श्रीमती सुमिता पंजवानी थी। श्रीमती पंजवानी ने प्रस्तावना एवं सरोज देवांगन द्वारा उनके सारगर्भित जीवन परिचय दिया। विद्यालय की शिक्षिका पल्लवी जायसवाल एवं वर्षा गायकवाड़ ने उनके जीवन की घटनाओं पर प्रकाश डाला। समिति द्वारा देवी अहिल्याबाई होल्कर पर निबंध प्रतियोगिता आयोजित की गई जिसमें विजेताओं को पुरस्कृत किया गया। उपप्राचार्या अपर्णा रणसिंग ने आभार व्यक्त किया।

आज विधायक चंद्राकर नपं के सामने मौन धरना-प्रदर्शन में होंगे शामिल

# कांग्रेस के भ्रष्टाचार और अराजकता के सामने कुरूद को बिकने-बिगाड़ने नहीं देंगे : अजय

हरिभूमि न्यूज ⏭ कुरूद



नगर पंचायत कुरूद की धरोहर वृंदावन सरोवर को नुकसान पहुंचाकर अवैध रूप से चौपाटी निर्माण कर रही नगर पंचायत के खिलाफ आज भाजपा धरना प्रदर्शन करेगी जिसमें कुरूद विधायक अजय चंद्राकर भी शामिल होकर मौन धरना प्रदर्शन करेंगे। उन्होंने कहा है कि नगर पंचायत कुरूद को कांग्रेस के भ्रष्टाचार और अराजकता के सामने बिकने नही देंगे, बिगाड़ने नहीं देंगे।

यह धरना प्रदर्शन बुधवार को सुबह 11 से शाम 5 बजे तक नगर पंचायत कुरूद के सामने हनुमान मंदिर के बाजू में होगा जिसमें भाजपाइयों के साथ सरोवर धरोहर प्रेमी भी शामिल होंगे। गौरतलब हो कि नगर पंचायत कुरुद के वार्ड क्रमांक 10 में वृंदावन सरोवर में चल रहे अवैध निर्माण के खिलाफ शहर भाजपा ने प्रशासन से पत्राचार करते हुए इस तरह के अवैध निर्माण में तत्काल रोक लगाने की मांग की है। 22 अक्टूबर को अनुविभागीय अधिकारी कुरूद, मुख्य नगर पालिका अधिकारी और थाना प्रभारी से शिकायत की गई। जिसमें अवैध निर्माण को तत्काल रोकने की मांग की गई। भाजपा संयोजक भोज चंद्राकर ने नगर पंचायत अध्यक्ष पर गंभीर आरोप लगाते हुए कहा कि यह निर्माण भ्रष्टाचार का हिस्सा है, जो पर्यटन को प्रभावित कर रहा है। भारत भूषण पंचायत ने कांग्रेस शासित नगर पंचायत कुरूद और प्रशासन की उदासीनता की आलोचना करते हुए इसे लूट का खेल बताया। सांसद प्रतिनिधि मूलचंद सिन्हा ने कहा कि सरोवर ही धरोहर है और हमें इसकी रक्षा और सेवा करनी चाहिए। भाजपा नेत्री वर्षा निर्मलकर ने कहा कि यह निर्माण सरोवर की सुंदरता को बिगाड़ रहा है और इसे रोकने के लिए प्रशासन को कार्रवाई करनी चाहिए। इस मुद्दे पर भाजपा के इस कदम को सरोवर की सुरक्षा और स्थानीय जनता के हितों की रक्षा के लिए महत्वपूर्ण माना जा रहा है।

### कलेक्टर ने मासिक परीक्षा परिणाम की समीक्षा की

हरिभूमि न्यूज ⏭ धमतरी

कलेक्टर नम्रता गांधी ने नगरी स्थित साहू सदन सभाकक्ष में मिशन अव्वल के तहत आयोजित बैठक में शामिल हुईं। इस अवसर पर मिशन अव्वल के तहत प्रति माह होने वाली मासिक परीक्षा के परिणाम की समीक्षा की गई। कलेक्टर ने कहा कि जिले में बेहतर परीक्षा परिणाम लाने के लिए समुदाय के साथ-साथ पालक एवं शिक्षकों की महत्वपूर्ण भूमिका होती है। अतः समुदाय के साथ मिलकर मिशन अव्वल के तहत जिले के परीक्षा परिणाम को बेहतर किया जा सकता है, जिसके लिए आप सबकी भागीदारी आवश्यक है। साथ ही शैक्षिक गतिविधियों पर भी चर्चा की गई। समीक्षा बैठक में जिला शिक्षा अधिकारी टीआर जगदल्ले, श्री सूर्यवंशी, संबंधित प्राचार्य, लेक्चरर सहित जनप्रतिनिधि और अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित थे।

## लोक लुभावने मैसेज व अंजान लिंक को टच न करें

- सिहावा स्कूल में शिक्षकों एवं छात्रों को दी गई साइबर अपराध की जानकारी

हरिभूमि न्यूज ⏭ नगरी



शासकीय हायर सेकेण्डरी स्कूल सिहावा के परिसर में साइबर जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन गरीबी उन्मूलन एवं सामाजिक अनुसंधान केंद्र बिलासपुर और धमतरी पुलिस के संयुक्त तत्वावधान में किया गया। इस अवसर पर वित्तीय साक्षरता कार्यक्रम के को-ऑर्डिनेटर देवेन्द्र सेन ने साइबर अपराध के बारे में जानकारी देते हुए बताया कि आज भारत डिजिटल होने के साथ साथ साइबर अपराध में भी लगातार बढ़ोतरी हो रही है । उच्च शिक्षित लोग भी वित्तीय धोखाधड़ी के शिकार हो रहे हैं। उन्होंने छात्र छात्राओं व शिक्षकों से कहा कि किसी भी लोक लुभावने मैसेज व अंजान लिंक को टच एवं शेयर न करें।

उमाकांत तिवारी थाना प्रभारी सिहावा ने साइबर जागरूकता अभियान के बारे में बताया कि कैसे लोग अंजाने में अपनी जमापूंजी को लुटा देते हैं। फोन पे, गूगल पे, पेटीएम में कैश बैक के नाम पर फ्रॉड, वाट्सअप, फेसबुक व इंस्टाग्राम जैसे सोशल साइट्स में वीडियो कॉल एवं चैटिंग फ्रॉड, बिजली बिल व दवाई के नाम पर फ्रॉड, ऑनलाइन डिलीवरी के नाम पर फ्रॉड, गूगल कस्टमर केयर फ्रॉड, ऑनलाइन लोन एवं ऑर्डर फ्रॉड, ओएलएक्स फ्रॉड, क्रेडिट एवं केवाईसी अपडेट फ्रॉड, जननी सुरक्षा एवं प्रधानमंत्री आवास योजना के नाम पर फ्रॉड, मैसेज लिंक फ्रॉड, रिमोट कंट्रोल ऐप्स फ्रॉड जैसे कई फ्रॉड हो रहे हैं। उन्होंने इससे बचने की जानकारी दी। इस दरम्यान थाना सिहावा से श्री डहरिया सउपनि, श्री बनपेला व्याख्याता, श्री सेन व्याख्याता, श्री यदु, श्री पुजारी, गौतमी ध्रुव काउंसलर नगरी सहित शाला के शिक्षक- शिक्षिकाए एवं थाना सिहावा के पुलिस स्टाफ मौजूद थे।

## शिविरार्थियों को दी व्यावसायिक करियर की जानकारी

हरिभूमि न्यूज ⏭ कुरूद



संत गुरु घासीदास शासकीय स्नाकोत्तर महाविद्यालय कुरूद की रासेयो इकाई 2 का सात दिवसीय विशेष शिविर ग्राम कातलबोड़ में आयोजित है। शिविर के तीसरे दिन

दिनचर्या का पालन करते हुए स्वयंसेवकों ने प्रभातफेरी निकलाते हुए गीत एवं नारों से ग्रामवासियों को विभिन्न विषयों पर जागरूक किया। पीटी एवं कराटे ट्रेनिंग के दौरान पंच, लोवर ब्लाक, अपर ब्लाक तथा मिडिल ब्लाक सीखा। योग प्रशिक्षक परशुराम निर्मलकर एवं मीरा निर्मलकर ने योग अभ्यास एवं भजन कराया। परियोजना कार्य के दौरान कार्यालय ग्राम पंचायत कातलबोड़ के राजीव भवन माध्यमिक शाला की साफ सफाई, सूखे झाड़ एवं घास की छिलाई की गई। स्वयंसेवकों ने माध्यमिक शाला में सोखता गड्ढा बनवाने में अपना योगदान दिया। बौद्धिक सत्र के मुख्यवक्ता महेश केला, दीपक अग्रवाल, विजय केला, पप्पू केला एवं भोजराज चंद्राकर थे। सभी ने व्यवसाय और उद्योग जगत में अपने अनुभव और विशेषज्ञता पर महत्वपूर्ण जानकारी साझा की। इस कार्यक्रम से स्वयंसेवकों ने नवीनतम औद्योगिक रुझानों को समझने के साथ विभिन्न व्यवसायिक क्षेत्र में अपनी संभावनाओं को तलाशने का अवसर प्राप्त किया।

शाम को स्वयंसेवकों ने ग्राम संपर्क किया। फसल चक्र पर सर्वे किया गय। इसी दौरान स्वयंसेवकों ने आजाद चौक पर स्वच्छता ही सेवा थीम पर नुक्कड़ नाटक करते हुए ग्रामवासियों को स्वच्छता के लिए प्रेरित किया। इसके बाद सभी ने उत्साह से राम रावण, कितने भाई कितने, नीर तीर, रुमाल झपट्टा जैसे देशी पारंपरिक खेल का आनंद लिया। तृतीय दिवस हितनारायण टंडन विभागाध्यक्ष प्राणीशास्त्र एवं अमित टंडन सहा.प्राध्यापक भूगोल ने शिविर स्थल आकर शिविरार्थियों से सामान्य परिचर्चा के माध्यम से उनका उत्साह एवं मनोबल बढ़ाया।

## गांधीजी दक्षिण अफ्रीका में रंगभेद के शिकार हुए, भारत लौटने पर अलगावपन को किया दूर

- कोर्रा में आयोजित महात्मा गांधी की विचार संगोष्ठी में शामिल हुए दिग्गज

हरिभूमि न्यूज ⏭ अंवरी





महात्मा गांधी युवा विचार संगठन के तत्वावधान में कोर्रा स्थित बाजार चौक के सभागार स्थल में राष्ट्रपिता महात्मा गांधी के जीवन पर विचार संगोष्ठी आयोजित की गई। मुख्य अतिथि विधायक ओंकार साहू ने कहा कि पढ़ाई के बाद गांधी जी जब दक्षिण अफ्रीका गए। वहां वे रंगभेद नीति का शिकार हुए। भारत लौटने पर जब वे लोगों में अलगावपन को देखा तो एकता की दिशा में निकल पड़े।

कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए अधिवक्ता शत्रुहन सिंह साहू ने कहा कि गांधी बनना आसान नहीं है। सत्य और अहिंसा के रास्ते पर चलकर उन्होंने भारत के सभी धर्म, जातियों और संप्रदाय के लोगों को एकता के सूत्र में बांधा। उनके एक आह्वान पर भारतवासी देश को अंग्रेजों की गुलामी से मुक्त कराने के लिए संसाधनों का सहयोग करने तैयार हो गए।

विशेष अतिथि मोहन लालवानी, शरद लोहाना ने कहा कि महात्मा गांधी शरीर के रूप में भले ही नहीं है, लेकिन आज भी विचारों के रूप आज भी हम सबके बीच जिन्दा हैं। हमे उनके विचारों को जन-जन पहुंचाने का प्रयास करना चाहिए। जनपद अध्यक्ष शारदा लोकनाथ साहू, तारिणी चंद्राकर सभापति जिपं और साहू समाज तहसील अध्यक्ष युवा प्रकोष्ठ श्री राजू ने महात्मा गांधी युवा विचार संगठन के कार्यों की तारीफ की। कहा कि आज हमें वास्तविक रूप से राष्ट्रपिता महात्मा गांधी के जीवन संघर्षों को बताने की जरूरत है। कार्यक्रम का संयोजन टिकेश्वर साहू और लक्ष्मीकांत साहू किया।

मौके पर पूर्व जिपं सदस्य अशोक साहू, तरुण साहू, यशवंत साहू, टीकाराम, मनोहरलाल, लोकेश, नामदेव साहू, यशवंत गुरु, पुखराज साहू, महेंद्र, अनुसुइया साहू, तारा साहू, बिसौहाराम साहू सहित आसपास के गांव के लोग शामिल हुए।

### कबीर ने हमें सत्य के मार्ग में चलने की प्रेरणा दी : अंबिका

**नगरी।** पनिका समाज बेलर क्षेत्र के कार्यक्रम में विधायक अंबिका मरकाम बतौर मुख्य अतिथि के रूप में सम्मिलित हुई। सामाजिक बंधुओं ने उनका स्वागत किया। श्रीमती मरकाम को मांग पत्र सौंपा गया। इस दौरान अंबिका मरकाम ने कहा कि पनिका समाज के लोग कबीर साहब के बताए गए मार्ग पर चलने वाले अनुयायी होते हैं। कबीर साहेब ने कहा है कि हमेशा सत्य के मार्ग में चलकर सभी को एक समान नजर से देखना चाहिए।

### भारतीय संस्कृति ज्ञान परीक्षा में 231 छात्रों ने लिया भाग

**जीजामगांव।** शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय, कन्या माध्यमिक शाला एवं नवीन प्राथमिक शाला मड़ेली में शांतिकुंज हरिद्वार गायत्री परिवार के तत्वाधान में भारतीय संस्कृति ज्ञान परीक्षा का आयोजन किया गया। कक्षा नवमी में 57 विद्यार्थी, दसवीं में 42, ग्यारहवीं में 46, बारहवीं 39, माध्यमिक शाला में 30 एवं प्राथमिक शाला में 17 कुल 231 विद्यार्थियों ने भाग लिया। इस अवसर पर मनोज कुमार टंडन प्राचार्य, गीता यादव एवं गणेश राम बैस का विशेष सहयोग रहा।












## खबर संक्षेप



### युकां प्रदेश प्रवक्ता ने राहुल से की राजनीतिक चर्चा

**धमतरी।** 18 अक्टूबर को दिल्ली के जवाहर भवन में शक्ति अभियान की राष्ट्रीय कार्यकारिणी की बैठक हुई। इंदिरा फेलोशिप की बैठक में पहुंचे नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी के साथ लीली श्रीवास युवा कांग्रेस प्रदेश प्रवक्ता ने राजनीतिक चर्चा की। देश की राजनीति में महिलाओं की भागीदारी को लेकर अपने विचार प्रकट किए। ज्ञात हो कि यूथ कांग्रेस द्वारा महिलाओं के लिए राजनीति में उनका अधिकार दिलाने के लिए यह अभियान प्रारंभ किया गया है। महिला किसी पर निर्भर रहकर नहीं बल्कि वह स्वयं प्रतिनिधित्व करें।

### वैद्य महासंघ गोष्ठी में धमतरी के वैद्यराज हुए शामिल




**धमतरी।** अखिल भारतीय परंपरागत वनौषधि प्रशिक्षित वैद्य महासंघ द्वारा उड़ीसा के पाइकमाल के आडिटोरियम में वनौषधि ज्ञान गोष्ठी का आयोजन किया गया। इसमें धमतरी जिला समेत देशभर के वैद्यराज सम्मिलित हुए। 18, 19 और 20 अक्टूबर को हुई गोष्ठी में परंपरागत चिकित्सा विज्ञान के मूल सिद्धांत पर प्रकाश डाला। नाड़ी विज्ञान शरीर संरचना पर मार्गदर्शन दिया गया। गोष्ठी में धमतरी से वैद्यराज प्रेम देवदास समेत छत्तीसगढ़ से 6 वैद्यराज गए थे। इसके अलावा उड़ीसा, महाराष्ट्र, गुजरात, जम्मू कश्मीर, मध्यप्रदेश आदि राज्यों से परंपरागत वनौषधि प्रशिक्षित वैद्यराज शामिल हुए।

## आरोपियों ने कुरुद में लिया था किराये का घर

# दो चोर तीन मोटरसाइकिल के साथ गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭कुरूद

20 अक्टूबर की दोपहर बोरतरा जिला बालोद निवासी विजय कुमार मंडावी पिता अरूण मंडावी की मोटरसाइकिल पैसन प्लस क्रमांक सीजी 07 एलपी 9621 की शिक्षक कॉलोनी कुरूद से चोरी कर ले जाने वाले दो चोर को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है।

मुखबिर की सूचना के आधार पर मोटरसाइकिल चोरी के आरोपी गगनदीप, इंद्रजीत सिंह के संदिग्ध हालत में अरिहंत पेट्रोल पंप के पास मिलने पर पुलिस द्वारा कड़ाई से पूछताछ करने पर 20 अक्टूबर की दोपहर करीबन 1 बजे शिक्षक कॉलोनी कुरूद से चोरी करना स्वीकार किया है। इसके अतिरिक्त दोनों आरोपियों ने मिलकर 18 अक्टूबर की शाम को जियो ऑफिस के सामने मोटरसाइकिल एचएफ डीलक्स क्रमांक सीजी 05 एपी 8447 व धमतरी घड़ी चौक के पास शाम करीबन 7 बजे एक पार्किंग में एक बजाज डिस्कवरमोटरसाइकिल क्रमांक सीजी 05 ओ 4984 की चोरी करना बताया।

उसके कब्जे से बजाज डिस्कवर, एक पैसन प्लस मोटरसाइकिल एवं आरोपी इंद्रजीत सिंह से एचएफ डीलक्स जप्त की गई है। दोनों आरोपियों को धारा 303(2),3(5)एवं धारा 3(5) बीएनएस के तहत गिरफ्तार कर कार्रवाई की गई है।



### पालीकोट व फरीदकोट के हैं दोनों आरोपी

कुरुद पुलिस ने बताया कि आरोपी गगनदीप पिता प्रवीण कुमार उम्र 27 वर्ष बाडमिक कॉलोनी वार्ड क्रमांक 07 भठिंडा रोड जैतो थाना जैतो जिला फरीदकोट (पंजाब) व इंद्रजीत सिंह पिता सुकदेव सिंह उम्र 27 वर्ष रसाल पट्टी वार्ड क्रमांक 4 जैतो थाना जैतो जिला पालीकोट (पंजाब) के रहने वाले हैं जो वर्तमान में राजू नाई के पचरी पारा निवासी कुरूद के मकान में किराए पर रह रहे थे। इस कार्रवाई में थाना प्रभारी कुरूद एवं थाना स्टॉफ की भूमिका रही।

# पटाखा दुकान एक दूसरे से तीन मीटर की दूरी पर हो

- पटाखा दुकानों के लिए जिला सेनानी ने जारी की एडवायजरी

हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी

आगामी 31 अक्टूबर को दीपावली का त्योहार है। इसके मद्देनजर जिला सेनानी एवं जिला अग्निशमन अधिकारी शोभा ठाकुर ने जिले में अग्नि दुर्घटनाओं से बचाव हेतु सुरक्षात्मक दृष्टिकोण से पटाखा दुकानों हेतु मानकों के संबंध में एडवाइजरी जारी की है। उन्होंने साफ तौर पर कहा है कि पालन नहीं करने पर संबंधित संचालक स्वयं जिम्मेदार होंगे। जारी एडवायजरी के अनुसार पटाखा दुकान किसी भी ज्वलनशील पदार्थ जैसे कपड़ा, बांस रस्सी, टेंट इत्यादि का न होकर अज्वलनशील सामग्री से बने टिन शेड द्वारा निर्मित होना चाहिए। पटाखा दुकान एक दूसरे से कम से कम तीन मीटर की दूरी (साइड) पर एवं एक दूसरे के सामने न बनाई जाए। पटाखा दुकानों में प्रकाश व्यवस्था हेतु किसी भी प्रकार के तेल का लैंप, गैस लैम्प एवं खुली बिजली बत्ती का प्रयोग प्रतिबन्धित होना चाहिए। किसी भी पटाखा दुकान से 50 मीटर के अंदर आतिशबाजी प्रदर्शन प्रतिबन्धित होनी चाहिए। विद्युत तारों में ज्वाइंट खुला नहीं होना चाहिए। प्रत्येक मास्टर स्विच में फ्यूज या सर्किट ब्रेकर लगा होना चाहिए, जिससे शार्ट सर्किट की स्थिति में विद्युत प्रवाह स्वतः बन्द हो जाए। दुकानें ट्रांसफार्मर के पास न हो और उनके ऊपर से हाई टेंशन पावर लाइन न गुजरती हो।

# प्रधानमंत्री सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना का लाभ लें : कलेक्टर


- योजना की जानकारी देने नगर निगम में हुई कार्यशाला

हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी

नगर पालिक निगम के सभाकक्ष में मंगलवार को प्रधानमंत्री सूर्यघर मुफ्त बिजली योजना पर कार्यशाला रखी गई। कार्यशाला में महापौर विजय देवांगन, कलेक्टर नम्रता गांधी, नरेन्द्र रोहरा, प्रभारी आयुक्त नगर निगम पीसी सार्वा, पार्षद राजेश ठाकुर, अवैश हाशमी, विजय मोटवानी, राजेश पांडे, दीपक सोनकर, श्यामा साहू व अन्य पार्षदगण जनप्रतिनिधि, राइस मिल एसोसिएशन, चेंबर आफ कामर्स के गणमान्य नागरिक उपस्थित थे। कार्यशाला में कलेक्टर ने कहा कि प्रधानमंत्री सूर्यघर मुफ्त बिजली योजना केन्द्र सरकार की एक महती योजना है जिसे ज्यादा से ज्यादा लोग अपनाएं। यह योजना नागरिकों को सस्ती एवं स्थायी बिजली देगी।

कार्यशाला में अधिकारियों ने बताया कि यह योजना सौर पैनल के माध्यम से घरेलू उपयोग के लिए ऊर्जा उत्पन्न करने पर जोर देती है। इससे बिजली की कमी दूर होगी। लोगों को सस्ती बिजली मिलेगी। योजना का लाभ ग्रामीण क्षेत्र में भी मिलेगा। यह पर्यावरण के लिए फायदेमंद है। इस मौके पर नागरिकों ने कई प्रश्न पूछे जिसका समाधान अधिकारियों ने किया। योजना के फायदे के बारे में विस्तृत जानकारी दी गई।

कार्यक्रम में केन्द्र सरकार के आईईसी विभाग से राहुल गुप्ता, आरईसी से भुवनेश्वर पटेल, कार्यपालन अभियंता अनिल सोनी, जीके बंजारे, सहायक अभियंता बीएल सिन्हा, योगेश तारम, आरके बिसेन, एमएल ध्रुव, कोमेन्द्र ध्रुव, वामन साहू, शेषनारायण, रचना ओटी आदि उपस्थित थे।




# अविनाश ने साइबर लॉ में विशेषज्ञता हासिल की

- साइबर कानून पर विशेष ज्ञान के लिए चीफ जस्टिस ने किया सम्मानित

हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी

स्थानीय गौरी नगर निवासी अविनाश चंद्राकर पिता सालिक राम चंद्राकर ने अपने शैक्षिक सफर में एक महत्वपूर्ण उपलब्धि हासिल की है। उन्होंने धमतरी के पीजी कॉलेज से एलएलबी की पढ़ाई पूरी की, जिसके बाद मध्यप्रदेश के ओरिएंटल विश्वविद्यालय से साइबर लॉ में विशेषज्ञता प्राप्त की। इस सफलता के बाद उन्हें मध्यप्रदेश के चीफ जस्टिस सुरेश कुमार कैत द्वारा स्वर्ण पदक से सम्मानित किया गया। यह सम्मान उन्हें उनके उत्कृष्ट शैक्षणिक प्रदर्शन और कानून के क्षेत्र में साइबर कानून पर उनके विशेष ज्ञान के लिए दिया गया। अविनाश ने साइबर कानून के जटिल और उभरते हुए क्षेत्र में महारथ हासिल करके भविष्य के लिए नई संभावनाओं के द्वार खोले हैं। सम्मान समारोह मध्यप्रदेश के इंदौर जिले में आयोजित किया गया था। कार्यक्रम में चीफ जस्टिस ने अविनाश के उज्ज्वल भविष्य की कामना करते हुए कहा कि उनकी इस उपलब्धि से न केवल उनका व्यक्तिगत विकास होगा, बल्कि समाज और न्यायप्रणाली को भी इसका लाभ मिलेगा।



# सहकारी कर्मचारियों ने किया गांधी मैदान में आंदोलन

- मुख्यमंत्री के नाम एसडीएम को सौंपा ज्ञापन

हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी

सहकारी समिति कर्मचारी संघ के सहदस्यों ने गांधी मैदान में अपनी तीन सूत्रीय मांगों को लेकर दो दिवसीय हड़ताल की। इसके बाद मुख्यमंत्री के नाम एसडीएम को ज्ञापन सौंपा। संघ के अध्यक्ष नरेन्द्र कुमार सोनबेर ने बताया कि मांगों के संबंध में शासन को कई बार आवेदन सौंपा गया लेकिन उनकी मांगों पर अभी तक सुनवाई नहीं हुई। कर्मचारियों द्वारा शासन की योजनाएं जैसे समर्थन मूल्य पर धान की खरीदी, सार्वजनिक वितरण प्रणाली, कृषक पंजीयन, ईआरपी, केसीसी, आईएस पोर्ट आदि कार्य संपादित किया जा रहा है।

प्रांतीय संगठन के आव्हान पर जिले की 74 सहकारी समितियों में कार्यरत लगभग 600 समिति प्रबंधक, लेखापाल, लिपिक, सहऑपरेटर, विक्रेता, भृत्य, चौकीदार, सामूहिक अवकाश लेकर मंगलवार, बुधवार को दो दिन तक हड़ताल पर रहे। आंदोलन के बाद ज्ञापन रैली निकाली गई। मांगें पूरी नहीं होने पर 23 अक्टूबर से 3 नवम्बर तक समिति मुख्यालय में भोजन अवकाश के बाद नारेबाजी होगी। इसके बाद 4 नवम्बर से अनिश्चितकालीन हड़ताल होगी।



# नेहरू निषाद ने स्कूली बच्चों को कराया न्योता भोज

**कुरुद।** शाउमावि बारना के स्कूली बच्चों को नेहरू निषाद अध्यक्ष पिछड़ा वर्ग आयोग छग द्वारा न्योता भोज कराकर उनका उत्साहवर्धन किया गया। साथ ही बच्चों के सवालों का जवाब बड़ी सुगमता से दिया। श्री निषाद ने शिक्षकों से बातचीत कर विद्यालय की गतिविधियों और बच्चों के बारे में जायजा लिया। कार्यक्रम में शाला विकास समिति की अध्यक्ष श्रीमती ममता निषाद, रुपचंद साहू अध्यक्ष ग्राम विकास समिति बारना, मिश्रीलाल पटेल, माखनलाल साहू सलाहकार ग्रा.वि.स.बारना, प्राचार्य श्रीमती टेमीन साहू, शिक्षकगण उमा ठाकुर, पूनम हिरानी, अमित खरे, विनय पटेल, राजेश बंजारे, पारस साहू, चंद्रशेखर साहू, भूपेंद्र यादव, नंदु पटेल उपस्थित थे।



# कॉम्पटेक महाविद्यालय में हुई क्विज प्रतियोगिता




हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी

कॉम्पटेक महाविद्यालय में आयोजित क्विज प्रतियोगिता में पीजीडीसीए,बीसीए, बीकॉम के छात्र-छात्राओं ने भाग लिया। क्विज प्रतियोगिता में कुल 20 छात्र-छात्राओं का चयन किया गया, जिसमें चार टीमें बनाई गई। प्रतियोगिता में पीजीडीसीए की देविका साहू, रूपेश साहू, बीसीए के प्रशांत साहू, यश साहू व बीकॉम के मोहम्मद वसीम की टीम को विजयी घोषित किया गया। प्रतियोगिता में छत्तीसगढ़ का सामान्य ज्ञान, करंट अफेयर, विज्ञान, कंप्यूटर व स्पोर्ट्स से संबंधित प्रश्न पूछे गए जिनके उत्तर प्रतिभागी छात्र-छात्राओं तथा ऑडियंस द्वारा दिये गये। प्रतियोगिता का मुख्य उद्देश्य छात्रों को आने वाले प्रतियोगी परीक्षाओं के लिए तैयार करना था, ताकि वे सभी आगामी प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी कर सके। कार्यक्रम में प्राचार्य डॉक्टर आशीष नामदेव, डॉ रीना नामदेव, संजय जगताप, मनीष यादव, केदार सिंह साहू, सीमा सोनी, शशि साहू, भुजेश मंडावी का योगदान रहा।

# करवाचौथ के 42 साल पूरे, मिला सम्मान



हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी

पति की लंबी उम्र के लिए महिला समाज भवन में सुहागिनों ने विधि-विधान से करवा माता की सामूहिक पूजा की। एक सुहागिन को करवाचौथ का व्रत रखते 42 वर्ष हो चुके हैं। महिलाओं ने उसका विशेष सम्मान किया। करवाचौथ के सामूहिक आयोजन से महिलाओं में उत्साह देखने को मिला।

करवाचौथ के अवसर पर महिला समाज द्वारा महिला समाज भवन में सामूहिक पूजा का आयोजन रखा गया था। इस आयोजन में 100 से ज्यादा महिलाओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। महिला समाज की ओर से सभी सुहागिनों को श्रृंगार सामग्री भेंट की गई। कथा वाचन रोचक पारंपरिक शैली में श्रीमती सुषमा नंदा ने किया। कार्यक्रम में अध्यक्ष हेमलता हिशीकर, शांति दामा, चंचल लुंकड़, संतोष मिन्नी, प्रिया आठवानी , नीलू लुनावत, शकुंतला साहू, पूर्णिमा, मालती, नम्रता उपस्थित थीं।

सभी बीमारियों में तुरंत आराम के लिए
तुलसी आयुर्वेदिक चिकित्सालय
तुलसी निवास, बस स्टैंड के पीछे, उपाध्याय नर्सिंग होम के सामने, धमतरी (छ.ग.) मो. 9993010732
वात रोग, सभी प्रकार के दर्द, गठियावात, सायटिका, झुनझुनीवात, कमर दर्द, घुटना दर्द, अकड़न, नस रोग, लकवा रोग का इलाज
चर्मरोग - दाद, खुजली, बेमची, मुंह में छाला होना, अल्सर, कैंसर
पेट रोग - कब्ज, गैस, भूख न लगना, खट्टी डकार आना, पेट में दर्द होना
बवासीर - मस्सा होना, खून निकलना, खुजली होना, दर्द होना
पुरूष रोग - धातुस्राव, शीघ्रपतन, शुक्राणु की कमी, कमजोरी
स्त्री रोग - लाल, सफेद पानी आना, बच्चादानी में गांठ, मासिक रुकावट
बुखार, सर्दी-खांसी, स्वांस-दमा, केश रोग व दांत रोग का ईलाज


चर्म रोग एवं एलर्जिक क्लीनिक
विशेषताएं- स्थायी ईलाज
पुराना दाद एवं खुजली, बेमची, मुहांसे (पिंपल्स) सफेद दाग, एलर्जी वाली खुजली)


डॉ. राकेश साहू होम्योपैथिक विशेषज्ञ
सुबह 10 से 2 एवं शाम 6 से 9 बजे तक (मंगलवार बंद)
डा.जयंत पवार हॉस्पिटल, बांके बिहारी मंदिर के पास, सदर बाजार, धमतरी
मो. 86027-50020

online Booking:-www.tripuryatra.com
स्पेशल ट्रेन से

21 दिसंबर से 31 दिसंबर 2024, 24 मई से 03 जून 2025
सुविधा ज्यादा सबसे कम राशि पर
रामेश्वरम् धाम यात्रा
श्री रामेश्वरम् धाम ज्योतिर्लिंग, श्री तिरूपति बालाजी, श्री मल्लिकार्जुन ज्योतिर्लिंग, श्री कन्याकुमारी, मदुरै श्री मीनाक्षीदेवी
राशि :- स्लीपर 16500/- 3 एसी-27,500/- 2 एसी 32,500/- (+5% GST)
Since-2007
Jai Mata Di
Shree Tripur Tirth Yatra Samiti
श्री त्रिपुर तीर्थ यात्रा
RAIPUR- D 36 Sector 4 Kamal Vihar, KORBA- Shop No. 301,302,303 S.S. Plaza, Power House Road
संपर्क करें:-7354-411411

Vedanta Medical Research Foundation
BALCO Medical Centre
NABH ACCREDITED
SHREE RAM MULTISPECIALITY HOSPITAL
बालको मेडिकल सेंटर, नया रायपुर
(NABH से मान्यता प्राप्त अत्याधुनिक कैंसर अस्पताल) के
कैंसर एवं रक्त रोग विशेषज्ञ द्वारा परामर्श
अब हर महीने के चौथे गुरुवार को धमतरी के श्री राम मल्टी स्पेशलिटी हॉस्पिटल में उपलब्ध रहेंगे
दिनांक : 24 अक्टूबर 2024 | समय : सुबह 11 बजे से 1 बजे तक
विश्वस्तरीय कैंसर विशेषज्ञों से परामर्श पाएं, चिंता मुक्त हो जाएं

डॉ. दिब्येंदु डे
वरिष्ठ सलाहकार - हेमेटोलॉजी, हेमेटो-ऑन्कोलॉजी और बीएमटी
एमडी (जनरल मेडिसिन), डीएम (क्लिनिकल हेमेटोलॉजी)
80+ से अधिक बोन मैरो ट्रांसप्लांट कर चुके हैं
क्या इनमें से कोई भी लक्षण आपको चिंतित कर रहे हैं?
- खून की कमी
- सिकल सेल एनीमिया
- मुँह में अल्सर या गले में गांठ
- मल या मूत्र विसर्जन की आदतों में परिवर्तन
- वजन में अनापेक्षित बदलाव
- लगातार खांसी या सांस लेने में तकलीफ
- थकान
- निगलने में कठिनाई
- स्वर बैठना या आवाज में बदलाव
- रक्तस्त्राव या चोट ना भरना
- रजोनिवृत्ति के बाद रक्त जाना या असामान्य मासिक धर्म होना
यह कैंसर के लक्षण हो सकते हैं |


अधिक जानकारी हेतु संपर्क करें -
74711 30319, 82828 24444, 76978 22888
ATUL